Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding enquiry of adulterad rice sack for distribution under PDS scheme in Durg

श्री विजय बघेल (दुर्ग): माननीय अध्यक्ष जी, पिछले पांच दिनों से मैं आवेदन लगा रहा था, लेकिन आपने आज अनुमति दी, इसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद । यह आपकी कृपा है । छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन दुर्ग शाखा के गोडाउन में रखे पी.डी.एस. का चावल जो गरीबों को दिया जाता है उसके 20 बोरों में कांच के मिश्रण पाये गये थे । खाद्य विभाग ने दबिश देकर इसको जब्त किया था और गोडाउन मैनेजर द्वारा दो महाशय रखकर उसको साफ कराया जा रहा था जबकि अधिकारियों के मुताबिक वह चावल पूरा साफ नहीं हो सकता । उसे नष्ट किया जाना आवश्यक है । माननीय अध्यक्ष जी, इस अनियमितता की जांच हो और जिम्मेदार लोगों के ऊपर कार्रवाई हो मैं यह निवेदन आपके माध्यम से करना चाहता हूं ।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री विजय बघेल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

सुश्री दिया कुमारी (राजसमन्द): आपने मुझे सदन में पहली बार बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूं ।

माननीय अध्यक्ष: जो माननीय सदस्य पहली बार बोल रहे हैं उनके लिए ताली बजाइए ।